तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

04 कोचेरा में दुर्गोत्सव पर रामलीला का मंचन...



02 गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों ...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

खबर संक्षेप

तिलखैरी में दशहरा उत्सव आज मनाएंगे

अण्डा। ग्राम तिलखैरी में बेटियों द्वारा दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। यह आयोजन आगामी मंगलवार को आयोजित होगा। बेटियों की इस पहल से गांव में दशहरा पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहेगा। दशहरा उत्सव भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रमुख पर्व है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। ग्राम तिलखैरी में बेटियों द्वारा इस पर्व का आयोजन करना सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति उनके उत्साह को दर्शाता है। इस आयोजन के माध्यम से गांव में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण बनेगा। बेटियों की यह पहल समाज में उनकी सक्रिय भूमिका को भी प्रदर्शित करती है। ग्रामीणों को दशहरा उत्सव का इंतजार है।

ओटेबंद में कल होगा छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम

अंडा। दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले ग्राम ओटेबंद में बुधवार, 21 को छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी के चिखली बांधबाजार से 'मां के ममता' छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विधानसभा स्तर पर बनेंगे हेल्प डेस्क

बालोद। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से लेकर त्रुटियों में सुधार कराने तक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए जिले में विधानसभा स्तर पर मतदाता हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप फोटोयुक्त ▶▶| शेष पेज 02 पर

सरदार पटेल मैदान में आज सजेगा राज दशहरा महोत्सव, रावण दहन के साथ होगी आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व के अवसर पर बालोद में भव्य राज दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राज दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में 20 अक्टूबर को सरदार पटेल मैदान में रावण पुतला दहन, रामलीला मंचन, भव्य आतिशबाजी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और छग की समृद्ध लोक संस्कृति को समर्पित इस आयोजन में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। राज दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने समस्त बालोद वासियों एवं जिले के नागरिकों से इस भव्य आयोजन में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम में रावण शोभायात्र से लेकर रामलीला मंचन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तक कई आकर्षक आयोजन होंगे। बालोद के सरदार पटेल मैदान में आयोजित होने वाले राज दशहरा महोत्सव के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित की गई है। शाम 6 बजे रावण शोभायात्र निकलेगी, 7 बजे से व्यायाम प्रदर्शन और आतिशबाजी होगी। इसके पश्चात रामलीला मंचन, रावण पुतला दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। रात्रि 9 बजे से छत्तीसगढ़ी लोककला मंच गोंदना की प्रस्तुति होगी।

- रात 9 बजे छत्तीसगढ़ी लोककला मंच गोंदना की प्रस्तुति

रामलीला मंचन और व्यायाम प्रदर्शन होंगे मुख्य आकर्षण



दशहरे का पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष महत्वः समिति अध्यक्ष प्रतिभा



राज दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी के नेतृत्व में समस्त आयोजित होंगे। यह महोत्सव शहर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। दशहरा पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है। यह पर्व भगवान श्रीराम की विजय, धर्म की स्थापना और बुराइयों के अंत का संदेश देता है। रावण दहन के माध्यम से समाज को अहंकार, अन्याय और अधर्म का त्याग कर सत्य, सदाचार एवं मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। राज दशहरा महोत्सव में रामलीला मंचन के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और धर्म की स्थापना के संदेश को प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, छत्तीसगढ़ी लोककला मंच गोंदना की प्रस्तुति कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति और लोकपरंपराओं की झलक प्रस्तुत करेगी। व्यायाम प्रदर्शन एवं आतिशबाजी भी कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण होंगे। धार्मिक आयोजन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का यह संगम दर्शकों को एक विशेष अनुभव ▶▶| शेष पेज 02 पर

मांग : कुआं, पुल-पुलिया, पचरी और आंगनबाड़ी भवन सहित कई निर्माण कार्य अधूरे

फंड के अभाव में थमी गांवों के विकास की रफ्तार मनरेगा सामग्री का भुगतान 10 माह से लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले की ग्राम पंचायतों में मनरेगा की सामग्री राशि का लंबे समय से भुगतान नहीं होने और 15वें वित्त आयोग की राशि पंचायतों के खातों में नहीं पहुंचने से विकास कार्यों की रफ्तार थम गई है। राशि के अभाव में कई निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं। इससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं सरपंचों और पंचायत प्रतिनिधियों को भी ग्रामीणों के सवालों का सामना करना पड़ रहा है।

- 15वें वित्त आयोग की राशि भी पंचायतों के खातों में नहीं पहुंची

जानकारी के अनुसार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के अंतर्गत कराए गए निर्माण कार्यों की सामग्री राशि का भुगतान पिछले करीब दस माह से लंबित है। बताया जा रहा है कि



फंड ट्रांसफर फटीओ जारी नहीं होने के कारण निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने वाले वेंडरों को भुगतान नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते कई निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं और कार्यों की प्रगति प्रभावित हो रही है। लंबित भुगतान से कुआं निर्माण, पुल–पुलिया निर्माण, पचरी निर्माण, भवन निर्माण और आंगनबाड़ी भवन निर्माण सहित मनरेगा के अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सामग्री की राशि नहीं मिलने से वेंडरों के सामने भी आर्थिक परेशानी खड़ी हो रही है। इसका सीधा असर निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने पर पड़ रहा है। मनरेगा की सामग्री राशि के साथ ही ग्राम पंचायतों को मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए स्वीकृत 15वें वित्त आयोग की राशि भी उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आ रही है। पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार, राशि के अभाव में गांवों में सड़क, नाली, पेयजल व्यवस्था, भवन निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में कठिनाई हो रही है। पंचायतों के खातों में राशि नहीं पहुंचने से प्रस्तावित और आवश्यक कार्यों का क्रियान्वयन भी प्रभावित हो रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि एक ओर मनरेगा के निर्माण कार्यों की सामग्री राशि लंबित है, तो दूसरी ओर 15वें वित्त की राशि का इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में पंचायतों के लिए विकास कार्यों को पूरा कराना चुनौती बन गया है। समस्या को लेकर पूर्व एवं वर्तमान सरपंचों द्वारा कई बार कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपे जाने की बात कही जा रही है। सरपंचों ने शासन–प्रशासन से मनरेगा के अंतर्गत कराए गए निर्माण कार्यों की लंबित सामग्री राशि का शीघ्र भुगतान कराने और 15वें वित्त आयोग की स्वीकृत राशि ग्राम पंचायतों के खातों में जारी करने की मांग की है। इसके बावजूद पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार, अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार को देखते हुए गांवों में सड़क, नाली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों का समय पर पूरा होना जरूरी है। लंबे समय से भुगतान अटके रहने के कारण अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने में और देरी ▶▶| शेष पेज 02 पर

गुण्डरदेही के पंकज ढाबा में छापा, देशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने पुलिस टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 18 अक्टूबर को थाना गुण्डरदेही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंकज ढाबा गुण्डरदेही में रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी वार्ड क्रमांक 01 बघमरा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी पंकज गुप्ता 41 वर्ष के कब्जे से रोमियो देशी प्लेन शराब की शीशी में भरी लगभग 80 एम.एल. शराब व एक नग डिस्पोजल गिलास एवं एक पानी पाउच जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के अंतर्गत पाए जाने पर उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।



इसके अतिरिक्त 18 अक्टूबर को थाना गुण्डरदेही पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए नो पार्किंग और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 15 प्रकरणों में कार्रवाई कर 4,500 का समंस शुल्क वसुला गया। पुलिस द्वारा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करने की अपील की गई।

स्कूटी से 30 पौवा अवैध शराब बरामद, 52 हजार की संपत्ति जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 30 पौवा देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब और स्कूटी सहित कुल 52,400 रुपये की संपत्ति जब्त कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर को देहात पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम ओड़गांव जाने वाले मार्ग पर पुल के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान स्कूटी क्रमांक CG24W7713 की तलाशी लेने पर डिक्की में रखे थैले से सुपर 36 ब्रांड की 30 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद हुई। प्रत्येक पौवा 180 मिलीलीटर का था, जिससे कुल 5.4 लीटर शराब जब्त की गई। शराब की कीमत 2,400 रुपये और स्कूटी की कीमत 50 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी लोकेश कुमार शर्मा (36 वर्ष), निवासी राजहरा बाबा वार्ड क्रमांक 1, दल्लीराजहरा को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 141/2026 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) में कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजने के लिए न्यायालय में पेश किया जा रहा है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ▶▶| शेष पेज 02 पर

सांसद भोजराज ने मां चंडी का लिया दर्शन लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

ग्राम अरमरीकला स्थित मां चंडी मंदिर में कांकेर सांसद भोजराज नाग एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने माँ चंडी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सांसद भोजराज नाग ने पूर्व विधायक कुमारी मदन साहू के निवास पर पहुंचकर उनसे सौजन्य मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त कर कुशलक्षेम जाना। सांसद भोजराज नाग ने माँ चंडी मंदिर के ऐतिहासिक महत्व एवं मंदिर की स्थापना के संबंध में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया, साथ ही उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं कार्यकर्ताओं की आवश्यकताओं के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, वरिष्ठ भाजपा नेताओं, माँ चंडी मंदिर समिति के ▶▶| शेष पेज 02 पर

- पूर्व विधायक कुमारी से की सौजन्य मुलाकात

आठ जिलों में आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

नवोदय की तैयारी में जुटे 2,000 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रविवार, 18 अक्टूबर को अखिल भारतीय स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय स्व-आकलन निःशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा 2026-27 का आयोजन किया गया।

परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुई। दुर्ग जिले के सीएसआईटी कॉलेज, कोलिहापुरी स्थित परीक्षा केंद्र में पांचवीं कक्षा के लगभग 250 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं, छत्तीसगढ़ के आठ जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर करीब 2,000 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा केंद्र में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए दुर्ग लोकसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लताऋषि चंद्राकर सहित अजय चंद्राकर, डाकेश्वर परगनिया, राजेश वर्मा, रीना देशमुख, दुष्यंत गिरीश हरमुख और युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख उपस्थित रहे।

मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा नकद पुरस्कार

विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से परीक्षा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम से दसवें स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों के लिए नकद पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा के सुचारु संचालन में दिलीप देशमुख, पुरुषोत्तम दिल्लीवार, रेणुका चंद्राकर, प्रीति तिवारी, मिलेश्वर देशमुख, देवेंद्र हरमुख, नंदिनी देशमुख, बीरेंद्र देशमुख, हरिवंश साहू, खिलेश्वर साहू, देवेश देशमुख, रोशन नागरे, मोनिष वर्मा, निशांत हरमुख, प्रेम देशमुख, किशोर देशमुख, योगेन्द्र देशमुख, सागर देशमुख, प्रदीप देशमुख एवं राकेश हरमुख ने परीक्षा पर्यवेक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। समाज के युवा प्रकोष्ठ की इस पहल को विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारी, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।



खबर संक्षेप



मां संतोषी मंदिर में हवन का आयोजन

बालोद/सिकोसा। नवरात्रि पर्व के अवसर पर ग्राम जुनवानी स्थित मां संतोषी मंदिर में हवन का आयोजन किया गया। मंत्रेच्चार के बीच धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुईं और श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना में भाग लिया। ग्राम जुनवानी का यह मंदिर स्थानीय लोगों की धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। हवन के दौरान श्रद्धालुओं ने मां संतोषी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हवन को वातावरण की शुद्धि और आध्यात्मिक साधना का माध्यम माना जाता है।

आदर्श ग्राम तिरगा में 85 वर्षों से जीवंत है रामसत्ता और दशहरा की परंपरा

अंडा। दुर्ग जिले के आदर्श ग्राम तिरगा में रामसत्ता और दशहरा की परंपरा लगभग 85 वर्षों से धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बनी हुई है। बुजुर्गों के अनुसार, इस गौरवशाली परंपरा की नींव रखने में पंडित रामलाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वर्ष 1942 में कुर्मी दाऊ प्यारेलाल बेलचंदन, रामावतार दिल्लीवार, कोमल प्रसाद बेलचंदन और केजूराम यादव प्रथम कलाकारों के रूप में जुड़े थे। इनके योगदान से गांव की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ने का अवसर मिला। वर्तमान में रामसाय बेलचंदन अध्यक्ष तथा हीरालाल दिल्लीवार संचालक के रूप में परंपरा को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। रामसत्ता और दशहरा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि तिरगा की सांस्कृतिक पहचान, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। इस ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित कर भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना पूरे ग्राम समाज का सामूहिक दायित्व है।

गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों को मिली आर्थिक राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासन द्वारा कृषि और कृषकों के सवांर्गीण विकास के लिए किए जा रहे निर्णयों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचौ। गन्ने के समर्थन मूल्य में की गई वृद्धि ने जिले के गन्ना उत्पादक किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर उनके चेहरों पर विश्वास की चमक ला दी है।

जिले के ग्राम सोहतरा के कृषक मनोहर लाल सिन्हा की सफलता की दास्तान बताती है कि शासन की संवेदनशील नीतियों ने किस प्रकार अन्नदाताओं की मेहनत का वाजिब सम्मान लौटाया है। ग्राम सोहतरा के मनोहर लाल सिन्हा ने बताया कि जब से क्षेत्र में शक्कर कारखाना स्थापित हुआ है, तब से वे लगातार गन्ने की खेती करते आ रहे हैं। उन्होंने कभी गन्ने की खेती से नाता नहीं तोड़ा। गन्ने की खेती के फायदे गिनाते हुए सिन्हा ने बताया कि एक बार बुआई करने के बाद इसमें 03 से 04 महीने ही मुख्य रूप से मेहनत करनी पड़ती है, इसके बाद अगले 06 महीने तक फसल को बहुत अधिक देखरेख की आवश्यकता नहीं होती। कटाई के समय सीधे खेत से गन्ना कारखाने पहुंच जाता है। उन्होंने धान की खेती से तुलना करते हुए बताया कि धान में माहू, कटवा, उकसा जैसी तमाम बीमारियों और कीटों का लगातार खतरा बना रहता है, जहां एक चूक से पूरी फसल बर्बाद हो सकती है।

सोहतरा के किसान मनोहर लाल सिन्हा वर्षों से कर रहे गन्ने की खेती



गन्ना मूल्य वृद्धि का निर्णय लेने पर प्रदेश सरकार का स्वागत किया

वहीं दूसरी ओर गन्ने की फसल प्राकृतिक रूप से अधिक मजबूत होती है और विपरीत परिस्थितियों को भी आसानी से सहन कर लेती है, जिससे नुकसान का जोखिम न के बराबर रहता है। मनोहर लाल सिन्हा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य में की गई संतोषजनक वृद्धि से किसानों को बहुत बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि जो खेती पहले घाटे की ओर जाती दिख रही थी, अब दर बढ़ने से किसानों की जेब में सीधा मुनाफा आ रहा है। कृषक मनोहर लाल सिन्हा ने किसानों की पीड़ा और कठिन समय को समझते हुए गन्ना मूल्य वृद्धि का निर्णय लेने पर प्रदेश सरकार का स्वागत किया।

आयोजन : पुस्तक विमोचन, समीक्षा गोष्ठी और कवि सम्मेलन ने बांधा समां

तीन दिवसीय सुआ महोत्सव और समरस साहित्य संगम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति एवं साहित्य को विकसित करने के लिए समरस संस्थान साहित्य सृजन द्वारा तीन दिवसीय सुआ महोत्सव एवं समरस साहित्य संगम का आयोजन किया गया। स्थानीय शंकर नगर मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान पुस्तक विमोचन, पुस्तक समीक्षा, साहित्यकार सम्मान एवं कविसम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ के मुख्य अतिथि प्रशासनिक अधिकारी जिला सत्र न्यायालय बालोद उदेराम नेताम रहे, अध्यक्षता अखिलेश्वर मिश्रा अकाट्य ने की, एसडीएम लोहारा शिवनाथ बघेल, वार्ड पार्षद श्यामा यादव, प्राचार्य पीपरछेड़ी लूनकरण ठाकुर, साहित्यकार पुष्कर सिंह राज एवं डॉ.अशोक आकाश वि"ाश अतिथि रहे।

द्वितीय दिवस की मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगरपालिका परिषद् बालोद प्रतिभा चौधरी ने कहा कि साहित्य समाज को जोड़ने का कार्य करता है, यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगा, उन्होंने कहा सुआ गीत छग की महत्वपूर्ण लोक विधा है, जिसे संरक्षित और



विकसित करने की आवश्यकता है। अध्यक्षता कर रहे अखिलेश्वर मिश्रा ने कहा विलुप्त होती लोक विधाओं की लोकप्रियता कायम रखने ऐसे कार्यक्रमों की नितांत आवश्यकता है। साहित्य के साथ संस्कृति का समावेश कर हम संस्थान को लोक संस्कृति के संरक्षण की दिशा में आगे ला रहे हैं। विशिष्ट अतिथि उदेराम नेताम, प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय एवं लूनकरण ठाकुर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेड़िया नवागांव थे।

तृतीय दिवस गजेन्द्र हरिहारनो की गजल संग्रह खुश्बू ए गजल का विमोचन सम्पन्न हुआ। पुस्तक समीक्षा के क्रम में डॉ. गायत्री शिवांगी की पुस्तक शिव मेरे आराध्य, रक्त दान जीवन का अनुष्ठान एवं डॉ. इकबाल खान तन्हा की गजल संग्रह तन्हाईयाँ की समीक्षा गोष्ठी आयोजित थी। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि साहित्यकार एवं प्रांताध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छग जगदीश देशमुख एवं संपादक मानस मंजूषा सीताराम साहू श्याम, जिला समन्वयक छग राजभाषा आयोग जिला राजनांदगांव आत्माराम कोशा अमात्य, वरिष्ठ साहित्यकार प्रांतीय महामंत्री डॉ अशोक आकाश, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ.इक़बाल तन्हा, प्रदेश संरक्षक गजेंद्र हरिहारणों, हरिशंकर गुप्ता, जयकांत पटेल आदि थे। संचालन लखन लाल साहू ने किया।

आयोजक अखिलेश्वर मिश्रा अकाट्य एवं डॉ. गायत्री साहू "शिवांगी" प्रांताध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, विशेष सहयोगी हरि प्रकाश गुप्ता सरल, एसएल गंधर्व जिलाध्यक्ष बालोद एवं रूपेश देवांगन प्रांतीय मीडिया प्रभारी थे। आत्माराम कोशा ने कहा कि आज हर कार्य में नारी शक्ति का बड़ा महत्व है। नारी शक्ति का हमें सम्मान करना चाहिए। इस आयोजन सुवा नृत्य से जोड़ना ही नारी के प्रति सम्मान को उजागर करता है। आभार प्रदर्शन जयकांत पटेल ने किया। पुष्कर सिंह राज, गुमान साहू सहित अनेक साहित्यकार व कवि उपस्थित थे।

गुरेदा में जुआ खेलते 8 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

थाना गुण्डरदेही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 18 अक्टूबर को ग्राम गुरेदा स्थित देवांगन भवन के पीछे ताश की 52 पत्ती से रुपये–पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे लोगो को थाना गुण्डरदेही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

इस दौरान जुआ खेलते हुए 08 व्यक्तियों को पकड़ा गया, आरोपियों के कब्जे से कुल 12,300 नगद एवं 52 पत्ती ताश जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना मे आरोपी गुरेदा निवासी हिमांशु देवांगन उर्फ हीरामणी पिता सूरज सिंह उम्र 18 वर्ष, दुर्वासा निषाद पिता स्व. कार्तिक निषाद 52 वर्ष, टेकश्वर कुंभकार पिता सिताराम कुंभकार 29 वर्ष, नांददा निवासी महेश कुमार देशलहरे पिता बलाराम देशलहरे 44 वर्ष, शैलेन्द्र कुमार देवांगन पिता धनश्याम राम 40 वर्ष, संजय कुमार देशलहरे पिता शान्तनु देशलहरे 37 वर्ष, ग्राम गुरेदा निवासी चेलाराम सिन्हा पिता पुरुषोत्तम सिन्हा 40 वर्ष, बुधराम देवांगन पिता मान देवांगन उम्र 40 वर्ष शामिल है।

थाना प्रभारी निरीक्षक रवि शंकर पाण्डेय के नेतृत्व में थाना गुण्डरदेही पुलिस द्वारा जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 08 आरोपियों को पकड़ा गया तथा उनके कब्जे से 12,300 नगद एवं 52 पत्ती ताश जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि जुआ एवं सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों से दूर रहें। जिले में कानून–व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

पेज 3 का शेष

दशहरे का पर्व ...

प्रदान करेगा। राज दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने समस्त नगरवासियों, जिलेवासियों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। राज दशहरा महोत्सव बालोद में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकजुटता का संदेश देगा। समिति ने समस्त बालोदवासियों से इस भव्य आयोजन में सहभागी बनकर विजयादशमी के पर्व की खुशियों को साझा करने का आग्रह किया है।

फंड के अभाव में ...

होने की आशंका है। पंचायत प्रतिनिधियों ने शासन–प्रशासन से मांग की है कि लंबित भुगतान के मामले में शीघ्र पहल की जाए और स्वीकृत राशि उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधूरे निर्माण कार्य पूरे हो सकें तथा ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को फिर से गति मिल सके।

स्कूटी से 30 पौवा ...

और नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले के मार्गदर्शन में की गई।

कार्रवाई में डौण्डी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक उमा ठाकुर सहित प्रधान आरक्षक विष्णु तारम तथा आरक्षक पुकेश्वर साहू, सुमन देवहारी और ईश्वर भंडारी की सक्रिय भूमिका रही।

सांसद भोजराज ...

पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुमारी साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद एवं प्रभारी भाजपा मंडल सनौद पुष्पेंद्र चंद्राकर, अश्वनी यादव, अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद खेमलाल देवांगन, सभापति जनपद पंचायत गुरुर नरेश कुमार साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर गुलाब सिंह सिन्हा, भाजपा जिला बालोद किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष अशोक साहू उपस्थित थे।

मतदाता सूची से ...

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत यह पहल की जा रही है। इसका उद्देश्य पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से संबंधित आवश्यक जानकारी और सहायता आसानी से उपलब्ध कराना है।

त्योहारी सीजन में चिल्लर की समस्या दूर करने चेंबर ऑफ कॉमर्स ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

त्यौहारों के दौरान बाजार में खरीदारी बढ़ने के साथ ही व्यापारियों के सामने चिल्लर की समस्या भी सामने आने लगती है। ग्राहकों को शेष राशि लौटाने में होने वाली परेशानी को देखते हुए चेंबर ऑफ कॉमर्स ने व्यापारियों के हित में पहल की है। चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर से मिला और चिल्लर उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा।

■ एसबीआई मैनेजर को सौंपा आवेदन

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल और बैंक मैनेजर के बीच व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सार्थक चर्चा हुई। चर्चा के बाद बैंक प्रबंधन ने शुक्रवार तक चिल्लर वितरण करने का आश्वासन दिया। बैंक की ओर से मिले इस आश्वासन से व्यापारियों में हर्ष का माहौल है। व्यापारियों को उम्मीद है कि



चिल्लर उपलब्ध होने से त्योहारों के दौरान लेन–देन में आने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी और व्यापार का संचालन सुचारू रूप से हो सकेगा।

व्यापारियों का मानना है कि संगठन जब उनके हितों और समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता से आगे आता है, तो इससे व्यापारियों में एकजुटता बढ़ती है और संगठन मजबूत बनता है। चेंबर ऑफ कॉमर्स की इस पहल से व्यापारियों में सकारात्मक माहौल है। व्यापारियों को उम्मीद है कि शुक्रवार तक चिल्लर वितरण शुरू होने से त्योहारों के दौरान होने वाले कारोबार में सुविधा मिलेगी और ग्राहकों के साथ लेन–देन की प्रक्रिया पहले से अधिक सहज हो सकेगी। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हरीश सांखला, श्रवण टावरी, तरुण बड़तिया, हंसमुख टुवानी, मनीष कोठारी सहित चेंबर के अन्य कार्यकारिणी सदस्य एवं व्यापारी उपस्थित थे।

गंगोरीपार में सांस्कृतिक कार्यक्रम, डॉ. हरिकृष्ण ने युवाओं को किया रक्तदान के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम गंगोरीपार में सारथी नवरात्रि के पावन अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम सांस्कृतिक संस्था रंग लहर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी चिकित्सक संघ रायपुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे।

अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निजी चिकित्सक कल्याण संघ बालोद डॉ गोपाल साहू ने किया। विशेष अतिथि जिला कोषाध्यक्ष निजी चिकित्सक कल्याण संघ बालोद डॉ बलराम साहू, सक्रिय सदस्य निजी चिकित्सक कल्याण संघ गुरुर डॉ नरोत्तम भूषण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष निजी चिकित्सक कल्याण गुरूर डॉ लीलाराम बनपेला, पूर्व अध्यक्ष निजी चिकित्सक कल्याण संघ गुरुर डा नारद राम साहू, डॉ चंद्रकांत गुरबाणी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने युवाओं को रक्तदान करने प्रेरित किया। उन्होने कहा जीवन में जप, तप, ध्यान, साधना अवश्य



करना चाहिए और अपने बच्चों को अच्छे से संस्कार और शिक्षा देना चाहिए और मां–बाप का सेवा करना चाहिए। डॉ गोपाल साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, ग्राम विकास समिति के समस्त सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

सत्य के मार्ग पर चलने वालों पर सदैव रहती है भगवान की कृपा

देवी भागवत कथा में आचार्य पाण्डेय ने सुनाया राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा का प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही के साहड़ा चौक में जय बजरंग दुर्गा उत्सव समिति द्वारा श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसके अष्टम दिवस में आचार्य भूपेन्द्र पाण्डेय ने हरिशचन्द्र की कथा प्रसंग मे बताया की राजा हरिशचन्द्र हमेशा सत्य के पथ में





चले थे व अपना धर्म व सम्मान हमेशा बनाए रखा और इसी धर्म व सम्मान की सेवा को देख कर विश्वामित्र जी खुद राजा हरिशचन्द्र की सत्यता व धर्म निष्ठा की परिक्षा लेने आ गए। विश्वामित्र ने एक दिन राजा हरिशचंद्र के सपने में आए और सपने में ही राजा हरीशचन्द्र का सारा राज्य धन दौलत सम्पति सब कुछ दान मे ले लिए और जब दान में कुछ कमी आई तो राजा हरिशचन्द्र ने अपनी पत्नी तारामती और पुत्र रोहित को बेच दिया और स्वंय को भी बेच कर सब कुछ विश्वामित्र को दान में समर्पित कर अपने राज्य को छोड़कर भागवान शिव के त्रिशूल मे बसी काशी नगरी के मरघट में चंडाल का काम करने लगे परीक्षा इतना भयानक था कि राजा का पुत्र जब मृत्यु को प्राप्त हुआ तो उसी मरघट में तारामती रोहित का दाह संस्कार करने गए किन्तु राजा हरिशचंद ने तारामति के पास पुत्र के दाह संस्कार के लिए धन न होने के कारण रोहित का दाहसंस्कार नहीं होने दे रहे थे।

तब रानी तारामती धन के बदले अपने साड़ी के किनारे को फाड़ने को मजबूर हो गई और इसी समय विश्वामित्र जी महराज के हृदय विदर्ण होने लगा तभी अचानक प्रगट होकर रानी को रोक देती है और राजा हरिश्चंद्र के सत्यपारायण धर्म निष्ठा की प्रशंसा करने लगे और प्रसन्न होकर राजा के सारे राजपाठ राजा और रानी को सौंप कर आशीर्वाद दिया कि हे राजन कलयुग में तुम इसी सत्यनिष्ठा और धर्म के कारण लोग तुम्हे महादानी के नाम से याद करेंगे। आचार्य भूपेंद्र पांडेय ने बताया कि जो मनुष्य धर्म में रहकर सत्य का पालन करने वाले होंगे वो भी राजा हरिश्चंद्र की तरफ भगवान के कृपापात्र होने भगवान की कृपा हमेशा उस पर रहेगी।





खबर संक्षेप

दो दिनी हरिकीर्तन एवं लीला मंचन कार्यक्रम

बालोद। ग्राम विकास समिति टेकापार द्वारा दशहरा उत्सव के तहत 20 एवं 21 अक्टूबर को दो दिवसीय हरिकीर्तन एवं सांस्कृतिक लीला मंचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे कीर्तनकार ग्राम भेण्ड्री निवासी चन्द्रहास साहू होंगे। यह जानकारी ग्राम विकास समिति टेकापार के सचिव आजूराम साहू ने दिया।

बालोद में 22 को रोजगार मेला

बालोद। जिले के शिक्षित एवं तकनीकी रूप से दक्ष युवक–युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद द्वारा 22 अक्टूबर को संयुक्त जिला कार्यालय स्थित रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद के उप संचालक ने बताया कि इस रोजगार मेला में 04 निजी नियोजकों द्वारा कुल 215 तकनीकी एवं गैर–तकनीकी पदों पर भर्ती की जाएगी। उक्त पदों के लिए कक्षा 10वीं, 12वीं, इंजीनियर, आईटीआई उत्तीर्ण, बी.एस.सी. एग्रीकल्चर, स्नातक, स्नातकोत्तर, हॉस्पिटल स्टाफ एवं अन्य योग्यताधारी अभ्यर्थी पात्र होंगे।

नवोदय प्रवेश पंजीयन की तिथि बढ़ी, 22 अक्टूबर तक आवेदन

बालोद। नवोदय विद्यालय समिति भुवनेश्वर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027–28 में कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली लेटरल एंट्री चयन परीक्षा 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बालोद के प्राचार्य ने बताया कि पूर्व निर्धारित तिथि में वृद्धि करते हुए अब ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। इसके साथ ही जिन अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि रह गई है, उनके लिए ऑनलाइन संशोधन 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगा। उक्त निर्धारित अवधि के दौरान अभ्यर्थी लिंग (महिला अथवा पुरुष), वर्ग (सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति), क्षेत्र (ग्रामीण अथवा शहरी) तथा दिव्यांगता की स्थिति से संबंधित प्रविष्टियों में ही ऑनलाइन संशोधन कर सकेंगे।

पर्व : जनपद अध्यक्ष सुनीता रहीं मुख्य अतिथि

कोचेरा में दुर्गोत्सव पर रामलीला का मंचन, आज होगा रावण वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





ग्राम कोचेरा में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर जय दुर्गोत्सव नवयुवा समिति द्वारा क्वांर नवरात्रि पर विविध आयोजन किया गया। गांव में भक्तिमय माहौल के बीच में मां दुर्गा की प्रतिमा की विधि–विधान से स्थापना की गई थी, जिसके दर्शन के लिए रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दरबार मे पहुंच रहे थे।

इस दौरान 18 अक्टूबर को बाल समाज लीला मंडली कोचेरा द्वारा नारद मोह का मंचन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद ललिता पीमन साहू ने किया। अतिथि जनपद पंचायत सदस्य गुरूर दिनेश्वरी फागूराम सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत भुलनडबरी डोमन लाल गंगबेर, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष कोचेरा कृष्णाराम मलघाटी उपस्थित थे। 19 अक्टूबर को बाल समाज लीली मंडली द्वारा धनुश यज्ञ व परसुराम संवाद का मंचन किया गया तथा 20 अक्टूबर को बाल समाज लीला मंडली द्वारा रावण वध का आकर्षक मंचन किया जाएगा।

कार्यक्रम समिति के सदस्यों और ग्रामीणों के सहयोग से यहां मनोकामना ज्याति कलश भी प्रज्वलित किए गए हैं। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष थलेश ठाकुर, उपायक्ष पंकज निर्मलकर, कोशाध्यक्ष त्रिलोचन साहू, सचिव भागवत नागवंशी संरक्षक भरत लाल साहू, पंकज मेश्राम, हुमन साहू, लोमू यादव तथा ग्रामवासी का सहयोग है।

गुण्डरदेही में गणेश विसर्जन झांकी पुरस्कार वितरण अस्पताल कॉलोनी की गणेश समिति रही प्रथम



गुण्डरदेही। नगर पंचायत गुण्डरदेही में गणेश विसर्जन झांकी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन द्वारा विजेता गणेश समितियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15,000 रूपये गणेश समिति अस्पताल कॉलोनी को प्रदान किया गया, द्वितीय पुरस्कार 11,000 रूपये बजरंग समिति साहड़ा चौक को तथा तृतीय पुरस्कार 7,000 रूपये नवदुर्गा गणेश समिति बघमरा को प्रदान किया गया। वहीं अन्य सभी सहभागी समितियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद संतोष नेताम, एल्डरमैन चेतन सोनकर, गोकुल निषाद, शंकर यादव सहित गणेश समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

खोरदो में रास गरबा की धूम, महिलाओं ने उत्साह से लिया हिस्सा





गुरूर। ग्राम खोरदो में दुर्गा उत्सव समिति के माध्यम से रास गरबा का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं की भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाएं गरबा की धुन पर जमकर थिरकी। जिसमे प्रथम स्थान कल्पना एवं साथी रही, दूसरा स्थान ओजस्वी, आरती एवं सांथी ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान रानू, संगीता एवं सांथी ने प्राप्त किया। नवरात्रि पर्व पर अष्टमी हवन पूजन एवं भंडारा का आयोजन रात्रिकालीन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी साल्हेटोला चारामा की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी यानेश साहू, अध्यक्ष किसान मोर्चा ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर टेकलाल सोनबेर, पूर्व जनपद सदस्य रिखी राम साहू, युवा कांग्रेस नेता डॉ नरेंद्र साहू एवं समस्त सदस्य नवदुर्गोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी खोरदो उपस्थित थे।

विनायकपुर में श्रद्धा के साथ हुआ माता मंदिर का भोजली-जवारा विसर्जन, पुरुषों ने निभाई परंपरा



अंडा। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर स्थित माता मंदिर में भोजली-जवारा विसर्जन की धार्मिक परंपरा श्रद्धा और आस्था के साथ निभाई जाती है। यहां की खास परंपरा यह है कि भोजली और जवारा विसर्जन में पुरुषों की प्रमुख भूमिका रहती है। पुरुष पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हैं। माता मंदिर में ज्योत-जवारा की पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालु माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं और गांव की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हैं। भोजली-जवारा विसर्जन के माध्यम से ग्रामीण अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। विनायकपुर की यह अनूठी परंपरा क्षेत्र की लोक संस्कृति और धार्मिक आस्था का प्रतीक है, जिसमें पुरुषों की सहभागिता इसे विशेष पहचान देती है।

> ■ गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना

नवरात्रि का समापन, भजन-कीर्तन के साथ निकली मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा



बालोद/सिकोसा। ग्राम बुढ़ानपुर में शारदीय नवरात्रि के समापन अवसर पर नवदुर्गा दशहरा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा नौ दिनों तक मां की आराधना के बाद दोपहर 2 बजे से विसर्जन शोभायात्र की शुरुआत हुई। इस दौरान गांव की भजन मंडलियों नव ज्योति महिला सेवा भजन मंडली, शीतला मानस महिला मंडली, जय बजरंग सेवा भजन मंडली की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भजन–कीर्तन करते हुए माँ दुर्गा की प्रतिमा के साथ पूरे ग्राम के चौक–चौराहों का भ्रमण कराया। जगह–जगह ग्रामीणों ने मातारानी की आरती की। इस वर्ष मां दुर्गा की सेवा में पंडा के रूप में नितिन तारम ने विशेष भूमिका निभाई। वहीं देशमुख ने ग्रामीण बैगा शीतला माता का सेवा उनके नेतृत्व में पूरे नौ दिनों तक विधि–विधान से माता रानी की पूजा–अर्चना की गई।

रेंगाडबरी में मनाई गई दुर्गा अष्टमी



डौण्डीलोहारा। विकासखंड के ग्राम रेंगाडबरी में रविवार को दुर्गा अष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत नौ कन्याओं को खीर-पूड़ी का भोजन कराकर उनका पूजन किया गया। इसके बाद ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोजन भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठान के तहत पंडित लोचन प्रसाद शर्मा के द्वारा विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर परिवार, गांव और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की। हवन-पूजन के पश्चात भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि ग्राम रेंगाडबरी में प्रतिवर्ष दुर्गा अष्टमी के अवसर पर धार्मिक आयोजन किया जाता है, जिसमें गांव के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

तीन दिवसीय बालिका रामलीला का शुभारंभ

बालोद। ग्राम पंचायत चारवाही में नव दुर्गा युवा समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बालिका रामलीला का शुभारंभ 18 अक्टूबर को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव थे। जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, जनपद सदस्य ममता साहू, भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रमुख संजय साहू, ग्राम पंचायत सरपंच दीपमालिका साहू, उपसरपंच तुकाराम साहू, भानुप्रताप हिरवानी, रामलीला अध्यक्ष पूरनिक यादव एवं सुबहे राम साहू सहित नव दुर्गा युवा समिति के पदाधिकारी और ग्रामीणजन मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि ग्राम चारवाही में पिछले तीन वर्षों से बालिकाओं द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इस आयोजन की सबसे खास बात यह है कि रामलीला के सभी पात्रों की भूमिका समिति से जुड़ी लगभग 20 बालिकाएं स्वयं निभाती हैं।



जुनवानी में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन





बालोद/सिकोसा। ग्राम जुनवानी में शारदीय नवरात्र पर्व के समापन के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। नौ दिनों तक पूजा–अर्चना, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों से भक्तिमय रहे पंडालों में विसर्जन के दौरान भावुक माहौल देखने को मिला। भक्तों ने मां दुर्गा को विदाई देते हुए परिवार की सुख–समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। नवरात्र के दौरान लोगों में भक्ति, सहयोग और सामूहिक सहभागिता की भावना देखने को मिली। विसर्जन के अवसर पर श्रद्धालुओं ने पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखने और जलस्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान प्रशासनिक दिशा–निर्देशों का पालन करने के साथ और नदी, तालाब सहित अन्य जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाना की दिशा मे भी कार्य किया गया।

पेन्डरी के दशहरा उत्सव में बेटियां निभाएंगी रामलीला के मुख्य पात्र, लक्ष्मी साहू बनेंगी श्रीराम

बालोद/कलंगपुर। परंपराओं के साथ बदलाव की नई मिसाल पेश करने के लिए गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पेन्डरी का दशहरा उत्सव पिछले दो वर्षों से खास होता है। यहां आज 20 अक्टूबर को दशहरा उत्सव एवं रावण वध का आयोजन किया गया है। ग्राम के दशहरा उत्सव की खास बात यह है कि रामलीला की अधिकांश मुख्य पात्रें की भूमिका गांव की बेटियां निभाएंगी। दो वर्ष पहले यहां रामलीला में युवा और पुरुष विभिन्न पात्रों का किरदार निभाते रहे हैं लेकिन पिछले वर्ष से यहां की बेटियां भी अपनी प्रतिभा, हुनर और मंचीय कौशल का प्रदर्शन कर रही है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष भारत साहू ने बताया कि गांव की बेटियों को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। गांव में दशहरा उत्सव को लेकर तैयारियां नवरात्रि पर्व के प्रारंभ से की जा रही है, बेटियों को रामलीला की मुख्य पात्रें की भूमिका सौंपने की पहल को सामाजिक बदलाव और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

पेन्डरी के दशहरा उत्सव में रामलीला के अधिकांश महत्वपूर्ण पात्रें की भूमिका बेटियों को सौंपी गई है, जिसमें श्रीराम की भूमिका लक्ष्मी साहू निभाएगी, निकिता साहू भाई लक्ष्मण की भूमिका मे होगी, भाग्यश्री हनुमान जी की भूमिका मे, सोनिया साहू अंगद, भानुमती साहू राजा रावण, निशा यादव मेघनाथ, पायल विभीषण एवं निशा साहू कुम्भकर्ण का किरदार निभाएंगी।

बेलमांड हनुमान मंदिर समिति ने नौ दिनों तक की महाप्रसादी सेवा

बालोद। मुक्त अवधूत क्रीडा स्थली बेलमांड मे स्थित आन्जनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति ने सनातन धर्म का जागरण पर्व शारदीय नवरात्र मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान मंदिर प्रांगण मे घट पूजन कर अखण्ड जोत प्रज्ज्वित किया।

बेलमांड स्थित हनुमान मंदिर की विशेषता है कि यहां हर नवरात्र मे सिर्फ घट पूजन कर घट भर बदली जाती है, जोत और धुनी बारहों महीना अखण्ड जलती रहती है। मंदिर समिति अपने सनातन धर्म और अध्यात्मिक परंपराओ को समर्पित कार्यकर्ताओ के साथ प्रखर सनातन धर्म प्रवक्ता, समाज सेवी, गौ सेवक गव्य सिद्ध डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपुत के नेतृत्व मे विभिन्न सेवा आयामो और समाजोत्पादक गतिविधियो को संचालित करती है। इन्ही प्रकल्प मे से एक पिछले पांच वर्षो से संचालित



मां गंगा मैया झलमला क्षेत्र मे संचालित महाप्रसादी सेवा है, जिसमे समिती अपने सदस्यो द्वारा समर्पित धनसे महाप्रसादी सेवा संचालित होती है। अब हनुमंत कृपा से चंदा की आवश्कता नही पड़ी है। इस महाप्रसादी सेवा मे पांच सालों से लगातार प्रदुषण मुक्त व्यवस्था बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इसके तहत डिस्पोजेबल का प्रयोग किये बिना समिती दर्शनार्थियो, पदयात्रीयो सहित सनातनी श्रद्धालुओ को स्टील कटोरी, थाली, गिलास का प्रयोग कर बड़े से बड़े आयोजन को भी कम खर्च मे कर लोगो को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित करने का संदेश दे रही है। पुरे नौ दिवस तक चलने वाले महाप्रसादी सेवा मे प्रथम दिवस 250, द्वितीय दिवस 425, तृतीय दिवस 775, चतुर्थ दिवस 1035, पंचम दिवस 5500, षष्टम दिवस 6800, सप्तम दिवस 7800, अष्टम दिवस 6700, नवम दिवस लगभग 4300 भक्तजनो ने महाप्रसादी ग्रहण किया। सेवाधारियो मे पुष्कर राजपुत, नरोत्तम साहू, राम साहू, नेमी साहू, प्रमोद साहू, मानिक साहू, हरि साहू, पुष्कर साहू, शेखर साहू, रुक्मणी राजपुत, टेमिन, नेहा ऊर्वशा, सुरेखा साहू, भुवनेश्वर कौशिक, सीमा ठाकुर, योगेश्वर यादव, डेमन यादव, ऋषि साहू व आन्जनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिती बेलमांड के सभी सदस्यो की महती भुमिका रही। उक्ताशय की जानकारी समिती प्रमुख डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपुत ने प्रदान की।

दुर्गा प्रतिमा को सेवागीत गाते हुए किया विसर्जन किया



गुरूर। ग्राम फागुनदाह में नौ दिनो तक चले क्वांर नवरात्रि पर पूजन एवं माता रानी की सेवा करने के बाद माता की प्रतिमा को ग्राम में शोभायात्रा निकालकर सेवागीत गाते हुए डांग डोरी के साथ विसर्जन किया गया।

चैतन्य देवियों की झांकियों का अतिथियों ने लिया दर्शन लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में नवरात्रि पर आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी के पांचवें दिन अतिथियों ने झांकी का अवलोकन किया तथा आध्यात्मिक संदेशों को जाना। इस अवसर पर यज्ञदेव पटेल, उत्तम साहू, जितेन्द्र साहू, टीकम पिपरिया, हंसराज साहू एवं बीके. वि ज य ल क्ष मी उपस्थित थे। यज्ञदेव पटेल ने कहा कि सभी धर्मग्रंथों में ईश्वर को सत्य और निराकार बताया गया है। यदि मनुष्य अपने मन को नियंत्रित करना सीख जाए, तो वह धीरे–धीरे अपने विकारों से दूर हो सकता है। जब आत्मा का योग परमात्मा से जुड़ जाता है, तब जीवन सार्थक बन जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पाप और नकारात्मकता बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में ब्रह्माकुमारी बहनें समाज को आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग के माध्यम से सतयुगी संस्कारों की ओर ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

> ■ मन पर नियंत्रण से विकारों से दूर हो सकता है मनुष्य

इस अवसर पर बीके विजयलक्ष्मी ने राजयोग का महत्व समझाते हुए कहा कि मनुष्य की पांचों कर्मेंद्रियां पांच घोड़ों के समान हैं। यदि इन पर नियंत्रण न हो, तो ये मनुष्य का मन अलग–अलग दिशाओं में भटकाती हैं। लेकिन जब व्यक्ति राजयोग का अभ्यास करता है, तो उसकी कर्मेंद्रियां संयमित होकर सही दिशा में कार्य करने लगती हैं। उन्होंने बताया कि जब मनुष्य अपने भीतर के क्रोध, अहंकार, लोभ, मोह और ईर्ष्या जैसे विकारों पर विजय प्राप्त कर शांति, प्रेम, पवित्रता, ज्ञान एवं सद्भावना जैसे दिव्य गुणों को धारण करता है, तब उसका जीवन शिवशक्ति के गुणों से संपन्न होने लगता है। उन्होने सतयुग की स्थापना के संदर्भ में कहा कि परिवर्तन की शुरुआत स्वयं से होती है। कलियुग के वातावरण को बदलने और सतयुगी संस्कारों को अपनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचारों, कर्मों और व्यवहार को श्रेष्ठ बनाना होगा। जब हम स्वयं में सकारात्मक परिवर्तन लाने का पुरुषार्थ करेंगे, तभी समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा। चैतन्य देवियों की झांकी के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति के साथ आत्मज्ञान, राजयोग और जीवन में दिव्य गुण धारण करने का संदेश दिया जा रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट

■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060



स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 03 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KOREA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411